पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह एवं श्री पीवी नरसिम्हा राव तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ0 एम0एस0 स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की

————————

लखनऊ : 09 फरवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह, श्री पीवी नरसिम्हा राव एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ0 एम0एस0 स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यंत किसानों के हक, उत्थान एवं कल्याण की आवाज बने रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के गृह मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रेरित करने वाला था।

राज्यपाल जी ने कहा कि देश के आर्थिक सुधारो के जनक स्व0 श्री पीवी नरसिम्हा राव राजनीति के साथ—साथ कई भाषाओं के प्रकांड विद्वान थे तथा उन्होनें देश की आर्थिक प्रगति की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि भारत में हरित क्रांति के जनक स्व0 डॉ0 एम0एस0 स्वामीनाथन ने देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और कृषि तथा किसानों को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया।

————————

कृष्ण कुमार— सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250